# सिंगल विंडों से सभी समस्याओं का होगा निस्तारण

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) की ओर से शुक्रवार को गोरखपुर के वाटर स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में आयोजित उद्यमी समाधान दिवस में औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं के निस्तारण के लिए सिंगल विंडो सिस्टम को प्रभावी बनाया जा रहा है। अब प्रदेश के सभी औद्योगिक विकास प्राधिकरण की समस्या एकीकृत सिंगल विंडो सिस्टम से निस्तारित होगी।

उद्यमियों की समस्याओं को सुनने के बाद औद्योगिक विकास मंत्री नंद ने कहा कि प्रदेश के सभी औद्योगिक विकास प्राधिकरणों में निर्बाध बिजली के लिए ऊर्जा विभाग के सहयोग से इंडस्ट्रियल फीडर स्थापित किया जाएगा। उद्यमियों ने श्री नंदी के सामने अपनी समस्याओं को रखा, जिसका उन्होंने शीघ्र निस्तारण कराने का आश्वासन दिया। मंत्री ने बिजली आपूर्ति की समस्याओं को लेकर कहा कि-मैं खुद भी उद्यमी हूं। बिजली गुल होने से मशीन के बंद होने और कच्चा माल फंसने की समस्या को समझता हूं। उन्होंने उद्यमियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि बिजली आपूर्ति बाधित नहीं हो इसे लेकर ऊर्जा मंत्री से वार्ता हो चुकी है। बिजली निगम को भूमि मुहैया कराई जाएगी, जिससे प्रदेश के सभी औद्योगिक प्राधिकरण में पृथक इंडस्ट्रियल फीडर बनाया जा सके। ऐसे में फैक्ट्रियों को निर्बाध बिजली की आपूर्ति हो सकेगी। बस्ती मंडल के उद्यमियों ने मंत्री के सामने संतकबीरनगर और बस्ती इंडस्ट्रियल एरिया में जलभराव को समस्या उठाई। इसपर उन्होंने तत्काल यूपीसीडा के प्रधान महाप्रबंधक संदीप चंद्रा को शनिवार को बस्ती और संतकबीरनगर का दौरा कर समस्याओं का निस्तारण कराने का निर्देश दिया। मंत्री ने कहा कि पूर्व की सरकारों में गुंडागर्दी से उद्यमी सर्वाधिक परेशान रहते थे। उद्यमी निवेश को तैयार नहीं होता था। लेकिन बदले माहौल में देश के सभी हिस्सों से निवेश आ रहे हैं। एक जिला एक उत्पाद योजना में प्रत्येक जिले में रोजगार के अवसर मिले हैं।

समाधान दिवस में गोरखपुर के साथ ही बस्ती, आजमगढ़ के अलावा प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे 100 से अधिक उद्यमियों ने बिजली, सिंगल विंडो समाधान से लेकर बैंक से ऋण संबंधी समस्याओं को उठाया। यूपीसीडा के क्षेत्रीय प्रबंधक अजय यादव ने बताया कि व्यापारी की समस्याओं को सुना गया। कुछ समस्याओं का तत्काल समाधान हुआ। कुछ मामले बचे रह गए हैं, उनका निस्तारण कराया जाएगा। बैठक का संचालन चैंबर आफ इंडस्ट्रीज के पूर्व अध्यक्ष एसके अग्रवाल ने किया। वहीं चैंबर आफ इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आरएन सिंह, चैंबर आफ इंडस्ट्रीज बस्ती के अध्यक्ष एचसी शुक्ला के अलावा सुमित कक्कड़, एसएन सिंह, कृष्ण कुमार गुप्ता, प्रवीण मोदी आदि उपस्थित रहे।

- उद्यमियों से बोले औद्योगिक विकास मंत्री -मैं खुद भी हूं उद्यमी समझता हूं दर्द
- प्रदेश के सभी औद्योगिक विकास प्राधिकरणों में निर्बाध बिजली के लिए स्थापित होगा इंडस्ट्रियल फीडर

## चैंबर ने उठाया टेक्सटाइल सेक्टर की बदहाली का मुद्दा

चैंबर आफ इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आरएन सिंह ने गोरखपुर में टेक्सटाइल सेक्टर की बदहाली का मामला उठाया। सिंह ने कहा कि प्राथमिक स्कूलों में ड्रेस की रकम अभिभावकों के खाते में जाने से पावर लूम से लेकर रेडीमेड गारमेंट सेक्टर बर्बादी के कगार पर पहुंच चुका है।

## गीडा के अधिकारियों के साथ आज बैठक करेंगे मंत्री

औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी शनिवार को गीडा के अधिकारियों के साथ धुरियापार औद्योगिक कारीडोर से लेकर प्रस्तावित निवेश आदि बिंदुओं को लेकर समीक्षा करेंगे। बैठक में उद्यमियों को भी आमंत्रित किया गया है। बैठक सुबह 11 बजे गीडा सभागार में प्रस्तावित है।